निष्पक्ष और निर्भीक खबरों का प्रतीक
नेशनल प्रहरी NEWS
-Newspaper -Online Web Portal



# अग्रवाल कॉलेज की टीम ने जीती ट्रॉफी

By **Poonam Sagar** - March 2, 2023 2 0




**बल्लभगढ़ (नेशनल प्रहरी/ रघुबीर सिंह)।** डीएवी सेंटेनरी कॉलेज, फरीदाबाद में आयोजित राष्ट्रीय विज्ञान दिवस प्रतियोगिता में अग्रवाल कॉलेज, बल्लभगढ़ की एक टीम ने भाग लिया। बीएससी कक्षा के तीन छात्र दीपक, सुदेशना और यश वर्मा ने प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भाग लिया है। कुल 8 टीमों ने भाग लिया और उस प्रतियोगिता में अग्रवाल कॉलेज, बल्लभगढ़ की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। छात्र-छात्राओं को ट्राफी व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ के प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता ने छात्रों को बधाई दी है और उनकी मेहनत की सराहना की है। प्राचार्य ने भी पूरी टीम की जीत की सराहना की। सभी छात्र अध्यापक डॉ.संजीव गुप्ता और रविंदर जैन से प्रेरित है।